अंग भारत भागलपुर 11-11-09 पृ० 3

साफ्टवेयर न्यूज पर त्रिदिवसीय कार्यशाला आयोजित

20 वीं सताब्दी ज्ञान एवं योजना का युग

अजीत कुमार पाठक

भागलपुर। ति० मां० भागलपुर वि०वि० के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय केन्द्र (निक) संचार एवं सूचना तकनीकी मंत्रालय दिल्ली के सौजन्य से स्नातकोत्तर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की ओर से लाईब्रेरी नेटवर्किंग एंड ऑटोमेशन हेतु इलेक्ट्रॉनिक लाईब्रेरी, एंड निक एन आई सी० साफ्टवेयर न्यूज पर त्रिदिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ सुमन, शिल्पी, सितवंत और खुशबू ने गाए कुलगीत तथा विश्व विद्यालय कुलपति डॉ0 प्रेमा झा द्वारा भारतीय पुस्तकालय विज्ञान जनक डॉ0 एस आर रंगनायन के चित्र पर माल्यार्पण और दीप जलाकर उघाटन से हुआ। प्रोफ़ेसर ईचार्ज डॉ0 बालकृष्ण झा एवं विभागाध्यक्ष प्रभारी वरूण सरकार द्वारा मंचासीन अतिथि कुलपति डॉ0 प्रेमा झा, डॉ0 आर0 के मटोरिया तकनीकी निदेशक, निक दिल्ली, कुलसचिव डॉ0 विनय कुमार सिंह तथा डॉ रवि रंजन साईंटिफिक ऑफिसर, निक दिल्ली का स्वागत बुके एवं सिल्क चादर देकर किया गया। स्वागत भाषण में डॉ0 बाल कृष्ण झा ने कहा कि 20 वीं शताब्दी ज्ञान एवं सूचना का युवा है। इसमे विश्वविद्यालय की आत्मा पुस्तकालय को आधुनिक स्वरूप ई-ग्रंथालय को दिया जाना आवश्यक है ताकि राष्ट्रीय स्तर पर हर ग्रंथालय को एक-दूसरे से जोडा जा सके। उदघाटन भाषण में कुलपति डॉ0 प्रेमा झा ने कहा कि आज साईवर युग में जब हम जीवन के हर पहलू एवं हर क्षेत्र में कम्प्यूटर के जरिए इलेक्ट्रानिक स्तर में प्रवेश कर रहे हैं, तब ग्रंथालिय का भी रूप ई-ग्रंथालय करके इसे कम्प्यूटरीकृत किया जाना आवश्यक है। डॉ आर0 के मटोरिया ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पुस्तकालय विज्ञान के छात्रों एवं इस पेशे से जुड़े कर्मचारियों को ई0 ग्रंथालय की जानकारी देना एवं ग्रंथालयी साफ्वेयरें की उपयोगिता बताना है। इसके उपयोग से हम सारे ग्रंथालयों के क्रिया-कलापों एवं संग्रहीत प्रलेखों की जानकारी शीघ्र प्राप्त करने के साथ ही ग्रंथालय प्रबंधन में सुविधा भी प्राप्त करेंगें। अंत मंच संचालन पुस्तकालयाध्य प्रभारी डॉ0 अरूण कुमार सिंह धन्यवाद ज्ञापन कर समारोह समा किया। मौके पर विभाग के भूत कॉर्डिनेटर डॉ0 उपेन्द्र प्रसाद याद प्राध्यापक जयन्त कुमार सिन्हा वसंत कुमार चौधरी तथा वि विभागों के विभागाध्यक्ष डॉ0 प्र कुमार सिन्हा, डॉ0 अरूण कु झा, प्रो0 विजय कुमार स विभाग के विद्यार्थीगण एवं वि पुस्तकालय के कर्मचारी उपस्थित थे।